## एक नजर में

### एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर प्रोग्राम 67 स्टार्टअप्स को सपोर्ट करेगा

इंदौर. एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़ ने एडब्लूएस स्पेस एक्सेलरेटर : एपीजे 2025 प्रोग्राम के लिए ऑस्ट्रेलिया, भारत और जापान से चयनित 67 स्टार्टअप्स की घोषणा कर दी है. इन स्टार्टअप्स को एडब्लूएस और पार्टनर संस्थानों द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वो स्पेस टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अपने विकास और इनोवेशन में तेजी ला सकें. यह एक 10 हफ्ते का वर्चुअल प्रोग्राम है. एडब्लूएस में डायरेक्टर, एयरोस्पेस एंड सैटेलाईट बिज़नेस, क्लिंट क्रोसियर ने कहा एपीजे में स्पेस उद्योग अभूतपूर्व वृद्धि कर रहा है. इस क्षेत्र में इनोवेशन आ रहा है. स्टार्टअप्स अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी का विकास कर रहे हैं, जिनमें स्पेस संगठनों द्वारा स्पेस में काम करने के तरीके में परिवर्तन लाने की क्षमता है. हमें गर्व है कि हमारा एडब्लूएस एक्सेलरेटर इन दूरदर्शी कंपनियों को क्लाउड टेक्नोलॉजी का उपयोग करने में मदद कर रहा है, ताकि वो स्पेस में और पृथ्वी पर जटिल समस्याओं का समाधान कर सकें, जिनमें नए लॉन्च सिस्टम के डिज़ाईन से लेकर जलवायु में सुधार, स्पेस में सस्टेनेबिलिटी और डेटा की उपलब्धता शामिल हैं.

### केएफसी का न्यू चटपटा चना बर्गर

इंदौर. केएफसी ने नया प्रोटीन पैटी बर्गर चटपटा चना पेश किया है. भारत का पहला चना बर्गर, जिसकी कीमत है सिर्फ 69 रुपए. यह चना पैटी से बना है और इसमें भारतीय मसालों का खास तड़का लगाया गया है. इस नए मेन्यू की खासियत है खस्ता सुनहरी प्रोटीन पैटी, जिस पर डाली गई है करारी प्याज़, क्रीमी खट्टा-मीठा सॉस, एगलेस मेयोनेज़ और एक हेल्दी सीड वाला बन. केएफसी के नए लॉन्च को लेकर उत्साहित अपर्णा भावल, सीएमओ, केएफसी इंडिया और पार्टनर कंट्रीज़ ने बताया कि, हमारे हर काम के पीछे सबसे अहम ग्राहक होता है, और आज का ग्राहक सब कुछ चाहता है. ऐसा खाना जो लाजवाब स्वाद वाला हो, इंस्टा-योग्य हो और साथ ही हेल्दी भी हो। यही सब हमारा नया चटपटा चना बर्गर लेकर आया है. यह भारत का पहला चना बर्गर है, जो मिलेगा सिर्फ 69 रुपए में. चटपटा चना बर्गर प्रोटीन पैटी से बना है, बेहद करारा है और यकीनन यह सबसे बड़े चिकन लवर्स को भी पसंद आएगा.

### फोनपे और मास्टरकार्ड ने मिलाया हाथ

इंदौर. जैसा कि आजकल लोगों के बीच स्मार्टफोन के जरिए कॉन्टैक्टलेस पेमेंट का चलन काफी बढ़ा है. ऐसे में फोनपे और मास्टरकार्ड ने भारत में मास्टरकार्ड होल्डर्स को एक एक्सक्लूज़िव फीचर देने के लिए पार्टनरशिप की है. इस नए फीचर से अब मास्टरकार्ड होल्डर्स, फोनपे ऐप से पेमेंट टर्मिनल्स पर अपने एनएफसी-सक्षम स्मार्टफोन को टैप करके इन-स्टोर पेमेंट कर पाएंगे. फोनपे के पेमेंट्स हेड, दीप अग्रवाल जी ने कहा हमें लाखों फोनपे यूजर्स के लिए डिवाइस-बेस्ड टोकनाइजेशन लाने के लिए, मास्टरकार्ड के साथ पार्टनरशिप करते हुए खुशी हो रही है. इससे यूजर्स के लिए सुविधा और सुरक्षा दोनों बढ़ेगी, जिससे फिजिकल स्टोर पर कॉन्टैक्टलेस पेमेंट और सुरक्षित ऑनलाइन ट्रांजेक्शन संभव होंगे—और ये सब होगा आपके अपने फ़ोनपे ऐप के ज़रिए. मास्टरकार्ड दक्षिण एशिया के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, प्रोडक्ट्स एंड सॉल्यूशन, रवि दातला ने कहा फोनपे के साथ यह पार्टनरशिप डिवाइस-बेस्ड टोकनाइजेशन को आगे बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है। इससे डिजिटल पेमेंट्स की पहुँच भी बढ़ेगी.

### विंडर्जी इंडिया 2025 का सातवाँ संस्करण

इंदौर. भारत के पवन ऊर्जा क्षेत्र का एकमात्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला और सम्मेलन विंडर्जी इंडिया 2025 का सातवाँ संस्करण 29 से 31 अक्तूबर तक चेन्नई ट्रेड सेंटर में आयोजित किया जा रहा है. विंडर्जी इंडिया 2025 एक प्रमुख बिज़नेस-टू-बिज़नेस मंच है, जो नीति निर्माताओं, नियामक प्राधिकरणों, अंतरराष्ट्रीय एवं घरेलू समाधान प्रदाताओं और वैश्विक उद्योग नेताओं को एक साथ जोड़ता है. इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशनके अध्यक्ष गिरीश तांती ने कहा हम ऊर्जा संक्रमण के एक नए युग के मुहाने पर खड़े हैं. तकनीकी नवाचार और पैमाने की अर्थव्यवस्था ने नवीकरणीय ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अधिक प्रतिस्पर्धी बना दिया है, और इसमें पवन ऊर्जा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है. भारत विश्व का सबसे तेज़ी से बढ़ता नवीकरणीय ऊर्जा बाज़ार है. आदित्य प्यासि, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, इंडियन विंड टरबाइन मैन्युफैक्चर्स एसोसिएशन ने कहा आत्मनिर्भरता की इस यात्रा को साहसिक नीतियाँ, रणनीतिक साझेदारियाँ और स्वदेशी नवाचार का भरोसा आगे बढ़ा रहा है. पवन ऊर्जा सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा का साधन नहीं, बल्कि हमारी राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता का आधार है.

### दिगम्बर जैन नरसिंगपुरा महिला मंडल का गरबा उत्सव



इंदौर. दिगम्बर जैन नरसिंगपुरा महिला मंडल का गरबा उत्सव बड़े ही मनोरंजन साथ धुम धाम से आदिनाथ बाग मनाया गया. इसमें सर्व प्रथम मंगलाचरण से शुरुआत हुई. माता पद्मावती के नौ दिनी गरबा महोत्सव में एक दिन गरबा का आयोजन किया गया. इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मंडल की अध्यक्ष तृप्ति जैन, संयोजक कल्पना जैन, संगीता जैन, पायल जैन, सुनिता जैन, आभा जैन, रत्नेश जैन, रानु जैन, रश्मि जैन, समाज के अध्यक्ष मुकेश जैन, सचिव सनत जैन के साथ सभी समाज जन शामिल हुए.

### फोरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी का फ्लेगशिप स्टोर लांच

इंदौर. दिल्ली की चमक पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है क्योंकि दुनिया की अग्रणी डायमण्ड कंपनी डी बियर्स ग्रुप के ब्राण्ड फोरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी ने आज शहर में अपना आधिकारिक लॉन्च किया है. नई दिल्ली में ब्राण्ड के प्रवेश और फ्लैगशिप स्टोर के उद्घाटन के साथ भारत फॉरएवरमार्क ब्राण्ड के लिए अग्रणी मार्केट बन गया है. राजधानी में दो दिवसीय भव्य समारोह में फॉरएवरमार्क डायमंड ज्वेलरी ने अपने आधुनिक कलेक्शन एवं नए दृष्टिकोण का अनावरण किया. समारोह में आए मेहमानों को ब्राण्ड की विशिष्टता और हीरे की खूबसूरती का प्रत्यक्ष अनुभव पाने का मौका मिला। मंच पर सैंड्रीन काउन्सिलर, सीईओ, ब्राण्ड्स एण्ड डायमण्ड डिज़ायरेबिलिटी, डी बियर्स ग्रुप तथा श्वेता हरित, ग्लोबल सीनियर वाईस प्रेज़ीडेन्ट, डी बियर्स ग्रुप और सीईओ- फॉरएवर ने ब्राण्ड के नए दृष्टिकोण का अनावरण किया, जो एक महिला के कई पहलुओं को दर्शाता है, उसे हीरे को सिर्फ आभूषण के रूप में नहीं बल्कि अपनी विकास की यात्रा के सच्चे साथी के रूप में देखने के लिए प्रेरित करता है. भारत के टॉप मॉडल्स ने सितार वादक अनुष्का शंकर की धुनों पर रैम्प वॉक किया.

### सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज को एएआई से मिला कॉन्ट्रैक्ट

इंदौर. भारत के एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही प्रमुख कंपनी सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड 15 एयरपोर्ट्स पर एडवांस वीएचएफ एक्टिव मल्टीकप्लर सिस्टम्स और सिक्योर नेटवर्क सिक्यूरिटी सॉल्यूशन लागू कर रही है, जिससे एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावरों में संचार और सुरक्षा मजबूत हो रही है. हाल ही में कंपनी को एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया (एएआई) द्वारा वीएचएफ एक्टिव मल्टीकप्लर सिस्टम्स की सप्लाई, इंस्टॉलेशन, टेस्टिंग और कमीशनिंग के लिए, साथ ही 15 एयरपोर्ट्स में नेटवर्क ट्रैफिक को मॉनिटर और कंट्रोल करने के लिए सिक्योर नेटवर्क सिक्यूरिटी सॉल्यूशन प्रदान करने का महत्वपूर्ण कॉन्ट्रैक्ट दिया गया. मिनेश वी. दोशी, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर, सिल्वर टच टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने कहा हमें एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के साथ देश के एविएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में सहयोग करने पर गर्व है. यह प्रोजेक्ट मिशन-क्रिटिकल एनवायरनमेंट के लिए अत्याधुनिक, सुरक्षित और मजबूत तकनीकी समाधान प्रदान करने पर हमारे फोकस को दर्शाता है.

### डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 ईटीएफ लॉन्च

इंदौर. डीएसपी म्यूचुअल फंड ने निवेशकों के लिए एक नए फंड, डीएसपी निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 ईटीएफ, के लॉन्च की महत्वपूर्ण घोषणा की है. यह फंड भारत का पहला फ्लेक्सीकैप एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) है. यह फंड ईटीएफ निफ्टी 500 फ्लेक्सीकैप क्वालिटी 30 टीआरआई इंडेक्स को ट्रैक करेगा. यह इंडेक्स एक अनूठा बेंचमार्क है और यह ईटीएफ फंड केवल गुणवत्तापूर्ण व्यवसायों पर ध्यान केंद्रित करते हुए लार्ज, मिड और स्मॉल-कैप कंपनियों में गतिशील रूप से निवेश करेगा. नए फंड के लॉन्च के अवसर पर बोलते हुए, डीएसपी म्यूचुअल फंड के सीएफए (प्रमुख), पैसिव इन्वेस्टमेंट्स एंड प्रोडक्ट्स, अनिल घेलानी ने कहा लचीलापन और गुणवत्ता दीर्घकालिक निवेश के लिए दो महत्वपूर्ण अवधारणाएँ हैं. इस ईटीएफ के माध्यम से, हम निवेशकों को एक ऐसा विकल्प प्रदान कर रहे हैं जो निरंतर निगरानी या निवेश के हस्तांतरण की आवश्यकता के बिना, शेयर बाजार के विभिन्न चरणों के अनुसार स्वचालित रूप से समायोजित हो जाता है.

# आखिर राजेंद्रनगर रेलवे ओवरब्रिज कब होगा पूरा..?

- साढ़े तीन साल बाद भी काम काम पर होने की समय सीमा तय नहीं



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. पीडब्ल्यूडी शहर के पश्चिम क्षेत्र में राजेन्द्र नगर रेती मंडी चौराहे पर रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कर रहा है. उक्त ब्रिज का काम साढ़े तीन साल में भी पूरा नही हो पाया है. स्थिति यह है कि अगले एक वर्ष में भी ब्रिज पूरा होने की संभावना नजर नहीं आ रही है. ब्रिज निर्माण के कारण एबी रोड पर पिछले एक साल से यातायात जाम और सड़क के गड्ढों से जनता परेशान हो रही है.**

पीडब्ल्यूडी राजेंद्र नगर रेलवे क्रॉसिंग पर तीन भुजा का ब्रिज बना रहा है. उक्त ब्रिज का ठेका मेसर्स रामप्रकाश गुप्ता कंस्ट्रक्शन को दिया है. 920 मीटर लंबा और फोर लेन चौड़ा बनाया जा रहा है. उक्त ब्रिज की निर्माण लागत 29 करोड़ रुपए है. उक्त की दो भुजा एबी रोड पर और एक भुजा राजेंद्र नगर पर उतरेगी. उक्त ब्रिज का काम आईडीए के चार फ्लाई ओवर के पहले शुरू हुआ था. आईडीए अपने चारों फ्लाई ओवर को चाह माह पहले ही शुरू कर चुका है. राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज का काम अप्रैल 2022 में शुरू हुआ था. वर्तमान परिस्थिति में ब्रिज बहुत काम बाकी है. इतना धीमा काम चल रहा है कि एक वर्ष में भी पूरा होने की संभावना नजर नहीं आ रही है.

**यातायात हो रहा प्रभावित**

ब्रिज निर्माण के चलते एबी रोड पर रोज सुबह और शाम यातायात प्रभावित हो रहा है. कभी भी जाम लग जाता है. सड़क पर गड्ढों के कारण रोजाना आने जाने वाले दो और चार पहिया वाहन चालक बहुत परेशान हो रहे है. इसकी वजह यह है कि राऊ में सिलिकॉन सिटी और बीजलपुर में कई कॉलोनियों के रहवासियों के आना जाना एबी रोड से ही होता है. राजेंद्र नगर थाने के सामने से पीथमपुर और महाराष्ट्र, खरगोन, बड़वानी जिले के कई बसें चलती है. इस बारे में प्रभारी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया को कॉल किया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया.

## सरकार जनता के द्वार जाकर उनके समस्याओं व सुझावों को जानेगी

- इंदौर में जीएसटी 2.0 के विषय पर परिचर्चा सत्र का हुआ आयोजन
- केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी ने कर सरलीकरण के प्रयासों की दी जानकारी



इंदौर. केंद्रीय माल एवं सेवा कर, भोपाल जोन के तत्वाधान में एवं मुख्य अतिथि केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के मार्गदर्शन में सोमवार को ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया. इसमें लघु एवं मध्यम उद्योग जगत से जुड़े संगठन, लघु उद्योग भारती के साथ उद्योग एवं व्यापार जगत के सभी प्रमुख संस्थान तथा सीए एवं कर सलाहकार संगठनों सहित लगभग 200 करदाताओं ने भाग लिया.

परिचर्चा में 22 सितंबर 2025 से किए गए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों (जीएसटी 2.0) के विषय में चर्चा तथा उद्योग एवं व्यापार जगत के द्वारा पूछे गए विभिन्न प्रश्नों तथा जिज्ञासाओं का समाधान किया गया. केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी ने कर सरलीकरण की दिशा में भारत सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों को संक्षेप में रखा तथा जीएसटी 2.0 को जीएसटी बचत महोत्सव कहा. उन्होंने अपने इंदौर आने का उद्देश्य यह बताया कि अब सरकार जनता के द्वार जाकर उनकी समस्याओं और सुझावों को जानेगी. उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी 2.0 में दिए गए सुझावों के साथ आगे भी सुधार किए जाएंगे. कार्यक्रम में इंदौर सांसद शंकर लालवानी, केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर तथा सीमा शुल्क बोर्ड दिल्ली के सदस्य सुरजीत भुजबल तथा सीएसटी भोपाल जोन के मुख्य आयुक्त संदीप पुरी की भी उपस्थिति रही.

**सुझाव व प्रतिक्रियाएं दी**

अपने उद्बोधन में सांसद शंकर लालवानी ने नई जीएसटी सुधारों को आम जनता और करदाताओं के लिए अत्यंत लाभदायक बताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत सरकार की प्रशंसा की. कार्यक्रम के अंत में उद्योगों में व्यापार जगत के विभिन्न संगठनों द्वारा जीएसटी 2.0 के बारे में अपने सुझावों एवं प्रतिक्रियाओं को ज्ञापन के रूप में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री को दिया गया.

## 17 अवैध कॉलोनाइजर पर एफआईआर

- ग्राणीण क्षेत्रों में प्लॉज बेचने का मामला




**नव भारत न्यूज**

**इंदौर.** प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध कॉलोनी काटकर प्लॉट बेचने के मामले में आज 17 कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए है. आयुक्त के उक्त कॉलोनाइजर ने अपील की थी. अपील में भी सिद्ध हुआ कि कॉलोनी की अनुमति नहीं ली गई है. प्रशासन अभी तक 89 से ज्यादा कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज करवा चुका है.

प्रशासन ने आज फिर सनावदिया गांव में 1 हैक्टेयर पर 80 प्लाट काटकर बेचने वाले कॉलोनाइजर पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए थे. इसमें अंसार पिता अमीर और मुकेश चौहान नई बस्ती पालदा ने आयुक्त की कोर्ट में अपील की थी कि उनका पक्ष ठीक से सुना नहीं गया. आयुक्त कोर्ट में प्रशासन और कॉलोनाइजर का पक्ष सुनने के बाद प्रशासन की कारवाई को साथ ठहराया. जांच में पाया कि कॉलोनाइजर के पास वैध कॉलोनी का लाइसेंस नहीं है और अवैध तरीके से प्लॉट बेचे गए हैं. प्रशासन की अवैध कॉलोनाइजर पर लगातार कारवाई जारी है. प्रशासन ने आज ग्रामीण क्षेत्रों के 17 लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए हैं. उनमें ग्राम सनावदिया, सांवेर, महू, राऊ और देपालपुर तहसील शामिल है. उक्त गावों में कॉलोनाइजर ने अवैध रूप 10 हेक्टेयर जमीन पर कब्जा कर या दूसरे जमीन अपनी बताकर प्लॉट बेच दिए. साथ ही किसी प्रकार की कोई कॉलोनी की अनुमति नहीं ली. प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों के 17लोगों पर एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए है. बताया जाता है कि उक्त 17 लोगों ने 500 सौ से ज्यादा अवैध प्लॉट बेच डाले, जिनका बजाए मूल्य वर्मन में 50 से 60 करोड़ रुपए है.

**130 से ज्यादा लोगों की सूची बनाई**

अपर कलेक्टर गौरव बेनल ने बताया कि 17 लोगों के खिलाफ जांच रिपोर्ट के आधार पर फिर से करने के आदेश दिए है. प्रशासन ने करीब 130 से ज्यादा लोगों की सूची बनाई है, जिन्होंने अवैध कॉलोनी या अन्य जमीनों पर प्लॉट कटकर बेचे है. आज इसी कड़ी में 17 लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कारवाई के निर्देश दिए हैं.

## विकास कार्य समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूरे करें

- स्मार्ट सिटी बोर्ड बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश
- स्मार्ट सिटी सीईओ ने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी



**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. आज स्मार्ट सिटी द्वारा शहर में किए जा रहे विकास कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की. बैठे स्मार्ट सिटी सीईओ ने विभिन्न कार्यों की जानकारी दी और विकास कार्यों के विषय में चर्चा की.**

कलेक्टर शिवम वर्मा की मौजूदगी में इंदौर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की बैठक स्मार्ट सिटी कार्यालय में हुई. बैठक में स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन ने नेहरू पार्क री-डेवलपमेंट, जिंसी हाट बाजार री-डेवलपमेंट, हेरिटेज डेवलपमेंट और आय बढ़ाने जैसे विषयों पर चर्चा हुई. कलेक्टर शिवम वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी विकास कार्य गुणवत्ता और समय सीमा में पूरा करने का लक्ष्य तय करे. साथ ही आईडीए, नगर निगम और इंदौर स्मार्ट सिटी समन्वय बनाकर कार्य करें. बैठक में निगमायुक्त दिलीप कुमार यादव, स्मार्ट सिटी के सीईओ अर्थ जैन, आईडीए सीईओ डॉ. परिक्षित झाड़े, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया, महापौर प्रतिनिधि महेश चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## तुलसी नगर मास्टर प्लान सड़क निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट के यथास्थिति रखने के आदेश

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मास्टर प्लान की बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने तुलसी नगर से बायपास को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य फिर रुक गया है. इसका कारण यह है कि सुप्रीम कोर्ट में उक्त मामले में याचिका स्वीकार कर ली है.**

बॉम्बे हॉस्पिटल के सामने महालक्ष्मी नगर से तुलसी नगर होते हुए बायपास को जोड़ने वाली 45 मीटर चौड़ी मास्टर प्लान सड़क का काम रुक गया है. आईडीए के पक्ष में फैसला होने के बाद याचिकाकर्ता विराट डेवलपर्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल लगाई है, जिसे उच्चतम न्यायालय ने स्वीकार कर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए है, लेकिन स्टे नहीं दिया है.

दरअसल मामला यह है कि तुलसीनगर के वहां सड़क चौड़ाई में जमीन ली है. तहसीलदार और अन्य द्वारा सड़क सीमांकन में जमीन सरकारी है. कॉलोनाइजर शिवनारायण अग्रवाल ने प्लॉट बेच दिया है. प्लाटों को लेकर विराट डेवलपर्स और एक अन्य हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, लेकिन राजस्व रिकार्ड और अधिकारियों द्वारा सीमांकन रिपोर्ट में सरकारी जमीन पर ही आईडीए द्वारा सड़क बनाने के दस्तावेज पेश किए गए है. हाईकोर्ट ने मास्टर प्लान की सड़क और प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर आईडीए केडी पक्ष में फैसला किया था. उक्त फैसले के खिलाफ विराट डेवलपर्स ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई गई है.

## गरबा संग बेटियों को आत्मरक्षा की सीख

***दिव्य शक्ति पीठ में गरबा उत्सव***



**इंदौर. नवरात्रि की आहट के साथ दिव्य शक्ति पीठ मंदिर में इस बार भी भव्य गरबा उत्सव की तैयारियां चरम पर हैं. मंदिर प्रांगण इन दिनों भक्तिमयी गीतों, ढोल-नगाड़ों और गरबे की ताल से गूंज रहा है. मां दुर्गा के पूजन और आरती के बाद यहां प्रतिदिन करीब ढाई हजार श्रद्धालु गरबा करते हैं.**

आयोजन की खासियत यह है कि इस गरबे में केवल बालिकाएं पारंपरिक अंदाज़ में हिस्सा ले रही हैं. रंग-बिरंगे परिधानों में सजी नन्हीं बालिकाएं जब गरबा स्टेप्स की प्रैक्टिस करती हैं तो पूरा परिसर ऊर्जा और उल्लास से भर उठता है. आयोजनकर्ता डॉ. दिव्या गुप्ता के अनुसार, यह उत्सव केवल नृत्य का नहीं, बल्कि मातृशक्ति के सम्मान और संस्कृति की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुँचाने का माध्यम है.

**सेल्फ डिफेंस किट भी देंगे**

डॉ. गुप्ता ने बताया कि बालिकाओं को विशेषज्ञ प्रशिक्षकों की देखरेख में आत्मरक्षा की तकनीकें सिखाई जा रही हैं. उद्देश्य यह है कि बेटियां सांस्कृतिक मूल्यों के साथ-साथ आत्मविश्वास और सुरक्षा की दृष्टि से भी सशक्त बनें. नवरात्रि के बाद सभी कन्याओं को सेल्फ डिफेंस किट भी दी जाएगी.



## ढोलक की थाप पर बालिकाएं भक्ति भाव से कर रही सुंदर गरबा

इंदौर. नवरत्न बाग स्थित विजय मारुति हनुमान मन्दिर में महंत मंगलदास महाराज खाकी के सानिध्य में नवरात्र महोत्सव मनाया जा रहा है. ढोलक की थाप पर छोटी- छोटी बालिकाये भक्ति भाव से सुंदर गरबा कर रही है. प्रवीण जोशी ने बताया कि श्री मानस धार्मिक एवं पारमार्थिक न्यास का यह आयोजन गत 22 वर्षो से हर शारदीय नवरात्र में संपन होता है.

**टूर्नामेंट** | **आइएसएसओ नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट**

## गेंद पर नियंत्रण-आपसी तालमेल से मिली सफलता



इंदौर. देशभर से आए खिलाड़ियों के बीच गेंद पर गजब के नियंत्रण के बीच आइएसएसओ नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट में रोमांचक मुकाबले सोमवार को खेले गए. टीमों ने बेहतर तालमेल और रणनीति का मैदान पर परिचय दिया.

चोइथराम इंटरनेशनल स्कूल की मेजबानी में खेले जा रहे टूर्नामेंट में सोमवार को अंडर-14 बालक वर्ग में ग्रीनवुड स्कूल की टीम का सामना टीएसआरएस मौलसरी टीम से हुआ. कार्तिक और अर्णव के गोल की मदद से ग्रीनवुड स्कूल की टीम ने यह मुकाबला आसानी से 3-1 से अपने नाम किया. इसी आयु वर्ग में द इंडियन पब्लिक स्कूल, इरोड की टीम का सामना डॉन बॉस्को स्कूल से हुआ. यह मुकाबला कांटे का रहा, जिसमें परिणाम के लिए पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा. द इंडियन पब्लिक स्कूल की टीम ने 3-1 से मैच जीतते हुए अपनी स्थिति मजबूत की. अन्य मैच में आदित्य बिरला स्कूल और हेरिटेज स्कूल का सामना हुआ. परिणाम के लिहाज से मैच फीका रहा. दोनों ही टीमों ने गोल करने के प्रयास नहीं किए. अंत में पेनल्टी शूटआउट का सहारा लेना पड़ा, जिसमें हेरिटेज स्कूल ने 2-0 से जीत हासिल की. बेंगलुरु के इंडस स्कूल ने हिल स्प्रिंग स्कूल को 4-1 से पराजित किया. विजेता टीम के लिए रेयान ने तीन गोल लिए और रेनॉड ने एक गोल किया.

अंडर-17 बालिका वर्ग में जीपीएस स्कूल और नवरचना इंटरनेशनल स्कूल की टक्कर हुई. परिणाम के लिहाज से यह मुकाबला एकतरफा रहा, जिसमें जीपीएस स्कूल की टीम ने 6-0 से जीत हासिल की. विजेता टीम की ओर से रोमिल दास, आयन लड्ढा, अजिंक्य नारंग और रियाज ने गोल किए. इंवेंचर एकेडमी की टीम ने महिंद्रा इंटरनेशनल स्कूल को 6- 4 से पराजित किया. अन्य मुकाबले में ग्रीनवुड स्कूल ने नाहर इंटरनेशनल स्कूल को 2-0 से पराजित किया. विजेता टीम के लिए आरव, वृक्षांक, आर्य ने एक-एक गोल किया.